## खबर संक्षेप

### स्लीमनाबाद में सबसे ज्यादा, बरही तहसील में हुई कम बारिश

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से गुरूवार 10 जुलाई तक कुल 439.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 616.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले में इसी अवधि में बीते वर्ष कुल 133.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 229.9 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 409.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 534.2 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 372 मिलीमीटर, बरही तहसील में 304 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 407.4 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 453.8 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 616.6 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 413.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### 31 जुलाई तक फसलों का बीमा करा सकते हैं किसान

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के लिए सभी कृषक संबंधित पटवारी हल्के में अधिसूचित फसलों के लिए बीमा करवा सकते हैं। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनीष मिश्रा ने बताया कि ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है, वे उस बैंक में अपना बीमा करवा सकते हैं। वहीं अऋणी कृषक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंकों, सहकारी समितियों, किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र (सीएससी) तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा। खरीफ में अनाज एवं दलहन फसल के लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। श्री मिश्रा ने सभी कृषकों से आग्रह किया है कि वह अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवायें। ताकि असामान्य परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

### विद्यार्थियों को साइकिलों को किया गया वितरण



**कटनी।** शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में जब विद्यार्थियों को साइकिलें प्राप्त हुईं, तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। निःशुल्क साइकिल प्राप्त होने पर वे अत्यंत प्रसन्न हैं और इसके लिए राज्य शासन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माधवनगर की कक्षा 9वीं की छात्रा कुमारी इंदू यादव ने मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, "अब हमें स्कूल समय पर पहुंचने में आसानी होगी। धन्यवाद मुख्यमंत्री जी।" इसी विद्यालय की कुमारी दीपिका यादव ने कहा कि पैदल विद्यालय पहुंचने में अधिक समय लगता था, अब में 10 मिनिट में विद्यालय पहुंच जाऊंगी। मैं अपने मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देती हूँ। कुमारी प्राची कुशवाहा ने भी निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना। कक्षा नवमी के छात्र शिवांश गौतम ने कहा कि ₹निःशुल्क साइकिल प्राप्त होने से जीवन में रफ्तार प्राप्त हुई हैं। अब हम आत्मविश्वास के साथ विद्यालय जाएंगे।

## गुरूपूर्णिमा के अवसर पर गुरु की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद, धार्मिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# आश्रमों, मंदिरों में गुरू वंदना के लिए पहुंचे शिष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी







गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर जिले भर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिरों, आश्रमों एवं मठों में गुरूवंदन करने के लिए शिष्यों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से लेकर शाम तक लोगों की आवाजाही बनी रही। विधि पूर्वक गुरू का पूजन कर शिष्यों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

स्लीमनाबाद के समीपस्थ ग्राम भेड़ा स्थित प्रभु कृपा सदन धाम में गुरु पूर्णिमा के अवसर गुरु पंडित रमाकांत पौराणिक के दर्शनार्थ व गुरु की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त करने दिनभर शिष्यों की कतार लगी रही है। साथ ही भजन संकीर्तन भी चला और प्रसाद वितरण किया गया।प्रभु कृपा सदन धाम मैं दूरदराज से शिष्य सपरिवार भी गुरु वंदना के लिए पहुँचे।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, पूर्व कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष गुमान सिंह, थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, रवि दुबे, ब्रजेश दुबे, गणेश तिवारी, आदित्य दुबे, अनंतराम प्यासी, बीके दुबे सहित बड़ी संख्या मैं



जनप्रतिनिधियों ने पहुँचकर गुरु से आशीर्वाद प्राप्त किया।

ग्राम कोहका स्थित हरिदास ब्रजधाम मन्दिर मैं भंडारे का आयोजन किया गया जहां श्रद्धालुओं ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया । जगदीश धाम खिरहनी में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर भी विविध आयोजन आयोजित किये गए। साथ ही लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज मे भी महाआरती आयोजन हुआ। इसके अलावा संत ब्रह्मानंद दास महाराज के आश्रम पहुंचकर जनप्रतिनिधियों सहित शिष्यों ने पहुंचकर गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया! साथ ही आश्रम मे प्रसाद ग्रहण किया।

### संकटमोचन धाम में महाआरती

विजयराघवगढ के श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम में स्वामी गरुडध्वजाचार्य जी, स्वामी इंदिररमण महाराज, राजा गुरुजी का श्रद्धा भाव से पूजन वैष्णवाचार्य संत नारायण स्वामी, पं कृष्णदास पांडेय, पं राकेश उरमलिया द्वारा शिष्य वृन्द से वैदिक विधि विधान से षोडशोपचार पूजन कराते हुए महाआरती कराई गई। उपस्थित जन ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पं केशवानंद तिवारी, सरस्वती अरुण मिश्रा, विमलेन्दु पयासी, संदीप मिश्रा, लक्ष्मण पांडेय ,पं रामावतार त्रिपाठी, डॉ अनिल मिश्रा, देवेश मिश्रा, रामसुंदर बडगैया, मनोज गुप्ता, माधुरी मिश्रा, कुंजीलाल गुप्ता सहित अन्य भक्त जन उपस्थित रहे।

### स्कूलों, महाविद्यालयों में आयोजन

उमरियापान, ढीमरखेड़ा और सिलौंड़ी महाविद्यालय में गुरुपूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ।विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान किया।प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल गुरू शिष्य परंपरा को लेकर अपने विचार रखे।डॉ. श्वेता सिंह बघेल ने विद्यार्थियों को गुरु, महाविद्यालय और समाज के प्रति उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। डॉ. मनोज कुमार गुप्ता एवं डॉ.सचिन कोष्टा ने भी व्यक्ति के जीवन में गुरु की भूमिका पर विचार रखें। इसके साथ ही कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय भोपाल में मुख्यमंत्री के आतिथ्य में आयोजित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस अवसर डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी, युवराज तिवारी,स्मिता परसाई, मनीष झारिया सहित अन्य की उपस्थिति रही। उमरियापान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे और सिलौंड़ी महाविद्यालय में प्रचार्य रतिराम अहिरवार के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**कार्यवाही संपन्न कर निर्वाचन कार्यालय को अवगत कराने निर्देश**

## कलेक्टर के निर्देश पर उप निर्वाचन के लिए किया गया समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) को दृष्टिगत रखते हुये जिले में निर्वाचन के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टतर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर समितियों का गठन कर कार्य दायित्वक सौंपे गये हैं। साथ ही इन समितियों के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा उप निर्वाचन अधिकारी तथा आरओ एवं एआरओ से समन्वुय स्था पित करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के अनुरूप कार्यवाही संपन्न कर जिला निर्वावन कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिये गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार उप निर्वाचन के दौरान जिले मे कानून व्येवस्थां एवं आदर्श आचरण संहिता का क्रियान्वरयन हेतु अपर जिला दंडाधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी बनाया गया हैं। जबकि सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्वन एवं पुलिस इनके सहायक नोडल होंगे। इसी प्रकार निर्वाचन के दौरान परिवहन हेतु वाहनों के व्यसवस्था् की जिम्मेकदारी विजयराघवगढ़ एसडीएम एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को दी गई है। मतदान दलों व निर्वाचन में लगे अन्य पदाधिकारियों के प्रशिक्षण की जिम्मेनदारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं शा.उ.मा.वि. पुरवार को सौंपी गई है।

वहीं मतदान दलों एवं मतगणना दलों के गठन का दायित्वश एनआईसी के डीईओ प्रफुल्लश श्रीवास्तढव दिया गया है। जबकि इनके सहायक नोडल अभय जैन एपीसी होंगे।

इसी प्रकार ईव्हीवएम प्रबंधन के तहत डेटाबेस तैयार करना, रेण्डेमाईजेशन एवं आरओ को उपलब्धि कराना व पोस्टध काउंटिंग सीलिंग उपरांत स्ट्रांसग रूम में रखने हेतु नोडल अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री को बनाया गया है। जबकि श्री आरके जैन लोक सेवा यांत्रिकी सेवायें एवं इन्द्रकपाल साकेत उपयंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को सहायकर नोडल अधिकारी को बनाया गया है। जबकि राज्यो निर्वाचन आयोग से सामग्री प्राप्ता करना, जमाना एवं वितरण का कार्य दीपक सिंह जिला संस्थाागत वित्तर अधिकारी देखेंगे एवं इनके सहायक कलेक्टतर कार्यालय में संलग्नी देवेन्द्रा विश्वरकर्मा सहायक ग्रेड 2 होंगे। वहीं मतपत्रों का मुद्रण, प्रूफ रीडिंग, वितरण आदि के लिए नोडल अधिकारी जिला कोषालय अधिकारी एवं जिले के सभी रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक नोडल सहायक कोषालय अधिकारी होंगे। जबकि स्ट्रांगग रूम एवं मतगणना स्थरल की व्यावस्थां करने का दायित्वा संबंधित क्षेत्रों के जनपद पंचायत सीईओ को दिया गया है। वहीं आईईएमएस एवं ऑलिन पोर्टल के प्रबंधन की जिम्मेंदारी ई-गवर्नेंस के सहायक प्रबंधक हेमंत चतुर्वेदी को दी गई हैं।

### विद्यार्थियों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में राज्यि शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गुरूवार को विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जैविक खेती के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अनुसार नवीन शिक्षा पद्धति के तहत सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषयों तथा परीक्षा प्रणाली की जानकारी दी गई। जैविक खेती की परिभाषा के अंतर्गत बताया गया कि जैविक खेती एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें रासायनिक खाद, कीटनाशक एवं हार्मोंस के प्रयोग को नकारते हुए ग्राम में उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद, कीटनाशक एवं फसल चक्र, फसल अपशिष्ट, अन्य जैविक आदान तथा जीवाणु खादों के प्रयोग से फसल उत्पादन किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान जैविक खेती की आवश्यकता रासायनिक खाद कीटनाशकों के फसलों में असंतुलित उपयोग से भूमि, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान के विषय में भी बतलाया गया।

## खेत में लगे मोटर पंप चोरी करने वाले 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



कुठला पुलिस ने पंप चोरी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 8 जुलाई को सूचनाकर्ता सचिन कुमार पटेल पिता हीरा लाल पटेल, इन्द्रजीत पटेल पिता रामसुजान पटेल, घनश्याम पटेल पिता किशन पटेल सभी निवासी ग्राम मतवार पड़रिया में अपने अपने खेत से मोटर पम्प चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर पृथक पृथक चोरी का अपराध सुसंगत धाराओं में पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी की तलाश कुठला पुलिस द्वारा परम्परागत एवं आधुनिक रूप से विवेचना करते हुए की गई। तीन संदेहास्पद व्यक्ति सावन उर्फ मार्शल आदिवासी पिता रामजी 23 वर्ष, गोविन्द कुमार आदिवासी पिता पच्ची आदिवासी 22 वर्ष एवं अनिल आदिवासी पिता डुमारी आदिवासी 19 वर्ष तीनों निवासी ग्राम मतवार पड़रिया थाना कुठला को पकड़कर सघन पूछताछ करने पर चोरी की घटनाएँ घटित करना स्वीकार किया। चोरी की घटनाओं में संलिप्त पाए गए तीन शातिर पम्प चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए तीनों पम्पों को बरामद किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से न्यायालय के आदेश से जिला जेल कटनी भेजा गया है। कार्रवाई में एसआई सौरभ सोनी, विनोद सिंह, अजय यादव आदि शामिल रहे।

**कलेक्टर के निर्देश पर बीएलओ को दिया जा रहा है प्रशिक्षण**

## मास्टर ट्रेनर दे रहे प्रशिक्षण, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कर रहे निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर बूथ लेवल आफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार जिले के विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को विधानसभावार प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विधानसभा स्तर पर 50-50 बीएलओं एवं बीएलओ सुपरवाईजर की पाली बनाकर यह प्रशिक्षण नियुक्त मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाली विधानसभा के प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार मुडवारा विधानसभा के शासकीय उत्कृकष्टो विद्यालय कटनी में सोमवार 14 जुलाई को 100, मंगलवार 15 जुलाई को 100 एवं बुधवार 16 जुलाई को 91 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। विदित हो कि अब तक विधानसभा बड़वारा, विजयराघवगढ़ एवं बहोरीबंद के कुल 877 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बड़वारा में बीएलओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्ट्र साधना परस्त् और एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा और तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर की विशेष मौजूदगी रही।

विधानसभा बड़वारा में निरीक्षण हेतु अनुविभागीय अधिकारी ढीमरखेड़ा एवं तहसीलदार ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ में निरीक्षण हेतु अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़, तहसीलदार विजयराघवगढ़ एवं बरही की ड्यूटी लगाई गई हैं।

जबकि विधानसभा मुडवारा में प्रशिक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी मुडवारा, तहसीलदार कटनी नगर एवं तहसीलदार ग्रामीण की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा विधानसभा बहोरीबंद में अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद, तहसीलदार बहोरीबंद एवं रीठी की ड्यूटी लगाई गई है।

### उपायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर दिए निर्देश

## अतिक्रमण हटाने एवं जर्जर भवनों सहित मवेशियों को पकड़ने करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों पर संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही कर प्रकरणों का निराकरण कराने के मद्देनजर निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर गुरुवार को उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा नगर निगम की विभिन्न शाखाओं की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से निराकरण कराने के निर्देश लेवल अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा आवारा मवेशियों के विचरण पर प्रतिबंध लगाने, अस्थाई अतिक्रमण, जर्जर भवनों पर कार्यवाही सहित स्थापना शाखा के कार्यो की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री गुप्ता कहा कि सीएम हेल्पलाइन लाइन में आने वाली समस्त शिकायतों को एल 1 अधिकारी अटेंड करें और यदि शिकायत आपके विभाग से संबंधित नहीं है तो उसे संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया जाए, ताकि शिकायत का निराकरण हो सके। उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा नगर निगम की विभिन्न शाखाओं स्वास्थ्य शाखा, अतिक्रमण शाखा, उद्यान शाखा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पेंशन, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, भवन अनुज्ञा, सिविल, सीवेज आदि लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए शिकायतकर्ता से चर्चा कर शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपयुक्त श्री गुप्ता द्वारा शासन निर्देशों के अनुपालन में नगर में आवारा मवेशियों के विचरण पर की जाने वाली प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की समीक्षा कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उपायुक्त श्री गुप्ता नें नगर के मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो सहित डिवाइडरों की पर्याप्त सफाई सुचारू वर्षा जल की सुगमता से निकासी हेतु नाले नालियों की सफाई व्यवस्था , सुचारू आवागमन मुहैया कराने हेतु बाजार क्षेत्रों के अस्थाई अतिक्रमण पर रोजाना कार्यवाही करने, वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के चिन्हित जर्जर भवनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने, समग्र ई-के.वाईसी कार्य में तेजी लाने, नगर निगम में पदस्थ कर्मचारियों के पेंशन स्वीकृति के प्रकरणों, सेवा पुस्तिका की जानकारी ली जाकर कर्मचारियों से जुड़े प्रकरणों का तय समय-सीमा में निराकरण कराने के निर्देश स्थापना एवं पेंशन शाखा के अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, प्रभारी सहायक यंत्री, सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, आदेश जैन, उपयंत्री संजय मिश्रा, जे.पी.बघेल, अश्विनी पांडेय, शैलेन्द्र प्यासी, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## नन्हवारा कलां एवं झिरिया में राहत शक्ति अभियान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़। राहत समर्पण सेवा समिति के नेतृत्व में ग्राम पंचायत नन्हवारा कलां के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा ग्राम पंचायत झिरिया में राहत शक्ति अभियान के तहत महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस विशेष आयोजन को सफल बनाने में राजकिशोर अग्रवाल एवं पी.डी. अवस्थी का उल्लेखनीय सहयोग रहा। दोनों समाजसेवियों ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए इस अभियान के आयोजन में हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया। उनके इस योगदान से ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की दिशा में अभियान को एक नई ऊर्जा प्राप्त हुई। शिविर में महिलाओं और किशोरियों को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए तथा उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, आत्मनिर्भरता एवं आत्मबल से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका,सीएचओ प्रीति साहू, आशा कार्यकर्ता श्रीमती सीता सोनी, और समिति अध्यक्ष डॉ. शारदा प्रसाद साहू छवि ताम्रकार की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने मिलकर शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

ग्राम पंचायत जिरिया के सरपंच सुरेन्द्र उर्मलिया भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए उनके स्वास्थ्य और आत्मसम्मान को प्राथमिकता देने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### ईश्वरीय विश्व विद्यालय में गुरू पूर्णिमा पर आयोजन

**कटनी।** सिविल लाईन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सर्वप्रथम शिवबाबा को भोग अर्पित कर शिवलिंग का पूजन और आरती की गई ।सभी ने शिव के गुरु स्वरूप को समझा और अपनाने का संकल्प लिया । तत्पश्चात राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने शिव के गुरु स्वरूप की महत्ता को बताते हुए कहा, "शिव केवल नाम के नहीं, काम के भी गुरु हैं। उनके औढरदानी स्वरूप से धन और संतान जैसे लाभ पाने की परंपरा है, लेकिन उनके गुरु स्वरूप से ज्ञान क्यों न प्राप्त किया जाए? ज्ञान के अभाव में किसी भी संपत्ति का उपयोग घातक हो सकता है।"अंत में सभी भाई बहनों को तिलक लगाकर ईश्वरीय भोग वितरित किया गया । इस अवसर पर बीके दुर्गा बहन, नेहा बहन, प्रियंका बहन, रानी शर्मा, विनोद भाई, शैलेंद्र भाई, विवेक भाई, मंगला माता, सुनीता, ज्योति बहन अन्य की उपस्थित रहे

### 58 जर्जर भवन चिन्हित, जारी किया गया नोटिस

**कटनी।** वर्षा ऋतु में जर्जर भवनों के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा द्वारा पूर्व में नगर के विभिन्न वार्डो में चिन्हित 58 जर्जर भवनों के मालिकों को उक्त भवन मानव आवास हेतु उपयुक्त नहीं होने के कारण ऐसे जर्जर भवनों को गिराने एवं मरम्मत योग्य भवनों की मरम्मत कराकर निगम कार्यालय में सूचित करने हेतु कहा गया है। कार्यपालन यंत्री श्री मिश्रा द्वारा मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन स्वामियों से ऐसे भवनों को स्वयं गिराकर अथवा मरम्मत योग्य भवन को मरम्मत नहीं करानें पर यदि मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन से किसी भी प्रकार की जन धन हानि होती है तो उसके लिए भवन स्वामी स्वयं जवाबदार होगें। साथ ही ऐसे भवन स्वामी जिनके द्वारा मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन का मरम्मत, नये निर्माण जर्जर भवन गिराकर किया गया है ,ऐसे नागरिकों को नगरपालिक निगम कटनी में लिखित सूचना देनी होगी। आम सूचना के माध्यम से सर्वेक्षित सूची के अतिरिक्त मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवनों जिनको नगर पालिक निगम कटनी द्वारा सूची में शामिल नहीं किया गया है, तो उसकी लिखित सूचना कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।

### 15 तक जमा होंगे मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के आवेदन

**कटनी।** शासकीय सेवाओं में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार)' प्रदान किया जाता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए वर्ष 2024-25 में किये गए नवाचारों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। आवेदन www.awards.mp.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन किये जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। शासकीय सेवाओं में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों को बढ़ावा देने वाले वार्षिक 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार)' के लिए प्रदेश के शासकीय और सार्वजनिक संस्थानों के अधिकारी-कर्मचारी 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक किये गए नवाचारों के आधार पर आवेदन कर सकेंगे। पुरस्कार के लिए राज्य शासन के विभाग एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों के उल्लेखनीय नवाचारों को मान्यता दी जाएगी। पुरस्कार के लिए ऐसे कार्यों का चयन किया जाएगा, जिनसे जनसेवा में गुणवत्ता, दक्षता और नवाचार दृष्टिगोचर होता हो। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार) महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक समावेशन और समावेशी विकास के क्षेत्र में किये गये नवाचारों को प्रदान किया जाएगा।

गुरूवार को दोपहर बाद बदले मौसम ने जोरदार बारिश की, थमा रहा आवागमन

# एक घंटे की झमाझम बारिश ने किया पानी पानी, सड़कें बन गई तालाब





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गुरूवार की दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए और घनघोर बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए लोग सुरक्षित स्थान पर दुबके रहे। करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश से शहर सहित उप नगरीय में नाले उफान पर आ गए। सड़कों में पानी भर जाने से तालाब जैसी नजर आने लगी। तेज बारिश के दौरान करीब एक घंटे तक आवागमन ठप रहा।

शहर में तेज बारिश की वजह से नाले उफान पर आ गये। निचली बस्तियों में पानी भर गया। इसके अलावा शहर की पुलियों में भी पानी भर जाने से आवागमन बाधित हुआ। मुख्य मार्गों सहित गलियों में पानी भरने तथा कीचड़ मच जाने से भी वाहन चालकों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए निगम अमला सक्रिय हुआ। नगर निगम कार्यालय में स्थापित कंट्रोल में जलभराव की प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित क्षेत्रीय दल के माध्यम से शीघ्र जल निकासी के प्रयास किये गए। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि अतिवर्षा के दौरान शंभू टॉकीज मार्ग तथा डॉ मंगतराम हास्पिटल के पीछे स्थित नाली में पन्नी एवं कचरा आदि के जमाव के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई थी। शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल ही क्षेत्रीय दरोगा के माध्यम से शिकायत का निराकरण कराया गया। इसी प्रकार आयकर कार्यालय कंपाउंड में तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अंतर्गत दुर्गा चौक तथा गोल बाजार में वर्षा जलभराव की समस्या होने पर कर्मचारी मौके पर पहुंचे।



## विधायक ने पौधारोपण कर लोगों को किया प्रेरित, 15 हजार रोपे गए पौधें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

वन विभाग के द्वारा वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के खमतरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों, समिति सदस्यों और चारवाहों के द्वारा हजारों की संख्या में पौधारोपण किया गया। एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने पौधा रोपा और उपस्थित लोगों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।विधायक ने कहा कि जीवन में पौधारोपण जरूरी है।कोरोना जैसी महामारी जैसे प्रदूषित वातावरण नहीं हो, इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए। जो हमारे आसपास के वातावरण को स्वच्छ करेगा और हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलेंगी। वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि ढीमरखेड़ा के खमतरा में वन अपराध की रोकथाम, वन्य प्राणी सुरक्षा, अवैध उत्खनन, अतिक्रमण के संबंध में जनप्रतिनिधियों, समिति सदस्यों और चारवाहों की कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर पर्यावरण और वन्य प्राणी संरक्षण को लेकर जानकारी दी गई। इसके अलावा एक पेड़ मा के नाम 2.0 कार्यक्रम के तहत पी 285 में 30 हेक्टेयर एमपीबी में अलग अलग प्रजाति के करीब 15 हजार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, मनीष बागरी, नरेंद्र त्रिपाठी, अजय सोनी,जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे,सरपंच पुष्पा कोरी, अनिल बागरी,जितेंद्र अरोरा, गणेश साहू,सुनील सिंह,हर्ष द्विवेदी, अंकित झारिया,सोनू गौतम,रतन यादव, राकेश त्रिपाठी,योगेंद्र सिंह, प्रदीप चौरसिया,संतोष साहू,उमादत्त गौतम, अजय गुप्ता,सुलभ त्रिपाठी, रितेश त्रिपाठी,धीरज जैन, यश चौरसिया सहित वन विभाग स्टॉफ की उपस्थिति रही।

गुरूपूर्णिमा पर शारदा मॉडल स्कूल में हुए विविध आयोजन

## विद्यार्थियों को बताई गई गुरू की महिमा, बिना गुरू के किसी को नहीं मिलता ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

गुरु पूर्णिमा पर्व पर बड़वारा में संचालित शारदा मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल बड़वारा में छात्र, छात्राओं के द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व के शुभ अवसर पर स्कूल में गुरुजनों के सम्मान के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शाला के प्राचार्य सतीश द्विवेदी के मार्गदर्शन में शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में छात्र छात्राओं ने गुरुजनों को पुष्प गुच्छ एवम कलम भेंट कर गुरुजनों के सम्मान में व्याख्यान दिए ।



विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने गुरु महिमा के तत्व ज्ञान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु की महिमा का पार नही पाया जा सकता है। गुरु ही अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं, गुरु ही अज्ञान को दूर कर ज्ञानी बनाते हैं। किसी को भी गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती गुरु ही ईश्वर से साक्षात्कार करवाते हैं गुरु ने ही ईश्वर की सत्ता को पहचान है गुरु का अर्थ है अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला गुरु की कृपा से चेतन का ज्ञान होने पर सब कुछ मिथ्या लगने लगता है जब तक अपने आप को किसी को समर्पित नहीं किया जाता तब तक कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता ।

स्कूल के प्राचार्य सतीश द्विवेदी ने गुरु की महत्ता पर अपने उद्बोधन में कहा चिंतामणि से लौकिक सुख प्राप्त किए जा सकते हैं ऐश्वर्य वैभव प्राप्त किये जा सकते हैं कल्पवृक्ष से स्वर्ग के सुख प्राप्त किये जा सकते हैं किंतु गुरु का आशीर्वाद एक ऐसा वरदान है जिससे योगियों के परम पद बैकुंठ को भी प्राप्त किया जा सकता है धर्म शास्त्रों में गुरु की महिमा भगवान से भी बढ़कर बताई गई है।

इस अवसर पर शाला के शिक्षक शिव वर्मा, हर्ष द्विवेदी, मेवा विश्वकर्मा, विनोद यादव, अजीत सिंह, अरविंद गौतम, आरती रजक, शशि गुप्ता, शोभा सिंह, भावना द्विवेदी, उमा, प्रीति दुबे, श्रीलेखा, उपासना, आयुषी , प्रियंका रीनू, पार्वती सिंह, दिव्या किरण, उषा की उपस्थिति रही।

## मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 से संबंधित विधानसभा क्षेत्र क्रमांक की 91 बड़वारा के मतदान केंद्र क्रमांक 101 से 142 तक के सभी मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया यह प्रशिक्षण 8 जुलाई से प्रारंभ होकर आज तीसरे दिन 10 जुलाई को समाप्त हुआ मतदाता सूची को अधिक से अधिक सरल पारदर्शी मनाए जाने हेतु मास्टर ट्रेनर परमानंद प्रसाद एवं राकेश विश्वकर्मा के द्वारा सभी को प्रशिक्षित किया गया तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 91 बड़वारा संदीप सिंह द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप काम करने हेतु निर्देशित किया निर्वाचन लिपिक के पी गोस्वामी द्वारा बताया गया कि निर्वाचक नामावली से संबंधित यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण 8 जुलाई से प्रारंभ होकर आज 10 जुलाई को समाप्त हुआ जिसमें सभी बूथ लेवल अधिकारी सुपरवाइजर उपस्थित रहे प्रशिक्षण पूर्णतः सफल रहा सफल रहा।

## मवेशियों को खुला छोड़ रहे पशु मालिक, सड़कों पर रहता है मवेशियों का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

बारिश के इन दिनों में सड़क पर बेसहारा मवेशियों की धमाचौकड़ी लोगों को परेशानी में डाल रही है। दिन हो चाहे रात सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा होने से लोग ठीक से आवागमन नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण दुर्घटनाओं का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। सड़क पर मवेशी जहां लोगों को मुसीबत पैदा कर रहे हैं तो वहीं फुटपाथ खाली नहीं हैं,यहां पर वाहनों का जमावड़ा रहता है जिससे समस्या दोनों ओर से बन रही है। जहां सड़क पर दुर्घटनाओं का शिकार होकर लोग घायल हो रहे हैं तो वहीं वाहनों की टक्कर से भी मवेशी भी चोटिल रहे हैं। उमरियापान से स्लीमनाबाद की तरफ और उमरियापान से ढीमरखेड़ा की तरफ मुख्य सड़कों पर पड़ने वाले प्रत्येक गांवों में मवेशियों के जमावड़ा रहता है। यहीं समस्या उमरियापान से सिहोरा मार्ग पर है। पशु मालिक अपने ही मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। बरसात के मौसम में मवेशी सड़कों पर आकर बैठते हैं। दिन के अलावा रात के समय पर भी मवेशियों के जमावड़ा सड़कों पर रहता है।इस कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है। कलेक्टर ने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने और मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशु मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं।



तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए है, लेकिन तहसील स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी बेखबर हैं।खमियाजा राहगीरों में हादसे की आशंका बनी रहती है।

वर्तमान दायित्वों के साथ अन्य शाखाओं का कार्य करेंगे संपादन

## सुचारू कार्य व्यवस्था के लिए आयुक्त ने किया अधिकारों का प्रत्यायोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सुचारू कार्य व्यवस्था के मद्देनजर शैलेश गुप्ता उपायुक्त (वित्त) को वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ निगम की अन्य शाखाओं के कार्य संपादन हेतु अधिकार प्रत्यायोजित किए हैं।

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार उपायुक्त श्री गुप्ता को मुख्य स्थापना, स्वास्थ्य स्थापना शिक्षा स्थापना हेतु प्रभारी अधिकारी, निकाय के सभी सेवानिवृत्त, दिवंगत अधिकारी, कर्मचारी के उपादान ,पेंशन, सेवा पुस्तिका आदि का परीक्षण उपरांत अंकेक्षण, जबलपुर तथा संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल की ओर अपनी पदमुद्रा से प्रेषित करने एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी के अंतिम वेतन प्रमाण पत्र, जीवित प्रमाण पत्र एवं बैंक अंडरटेकिंग में अपनी पदमुद्रा से हस्ताक्षर कर आगामी कार्यवाही संपादित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा प्राधिकृत अधिकारी-जनसुनवाई कलेक्ट्रेट, प्रभारी अधिकारी-सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग अंतर्गत अधिसूचित सभी सेवाओं के लिए,श्रम विभाग अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं एवं उक्त सेवाओं में ईपीओ जारी करने, खाद्य, समग्र एवं इ-केवाईसी, मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना, दीनदयाल रसोई योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं सीएलसी अंतर्गत नियोजित श्रमिकों पर नियंत्रण,वेंकट पुस्तकालय एवं ऑडिटोरियम हेतु प्रभारी अधिकारी बनाते हुए आयुक्त के अधिकार प्रत्यायोजित किए हैं।

वहीं आई.एच.एस.डी.पी. योजना में नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को भवन आवंटन आदेश जारी करने एवं जमा पंजीयन राशि वापसी की स्वीकृति हेतु, अग्नि दुर्घटना की व्यय प्रतिपूर्ति राशि जमा कराने की स्वीकृति देने हेतु ,सम्माननीय जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर अभिस्वीकृति कार्यवाही प्रतिवेदन प्रेषित करने, प्रभारी अधिकारी-राज्य मानव अधिकार आयोग, सीएम मॉनिट, सीएम हाउस, सीएस मॉनिट, ई.ओ.डब्ल्यू., लोकायुक्त कार्यालय, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु,कार्यालय में प्राप्त होने वाले डाक पत्रों का प्रतिदिन अवलोकन उपरांत संबंधित विभागों को टीप अंकित कर प्रेषित करना तथा आवश्यक महत्वपूर्ण प्रकृति के आदेश पत्रों से अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत कराकर समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, नगर निगम ऑडिटोरियम उपयोग हेतु आवेदक की जमा अमानत राशि नियमानुसार विमुक्त करने, आयुक्त के शासकीय प्रवास अथवा अवकाश या मुख्यालय से बाहर रहने पर अथवा अन्य किसी शासकीय कार्यों में व्यस्त होने की दशा में तत्समय आयोजित समीक्षा बैठक कॉन्फ्रेंस में निगम आयुक्त के प्रतिनिधि के रूप में अनिवार्यतः जानकारी सहित उपस्थिति हेतु आयुक्त के अधिकारों का प्रत्यायोजन किया है।

महापौर ने लोक निर्माण शाखा की बैठक आयोजित कर दिए निर्देश

## जल प्लावन की समस्या से निपटने ड्रेनेज सिस्टम रखें मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर की शासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्रों के पठन - पाठन की समुचित व्यवस्था हेतु नगर निगम द्वारा शिक्षा उपकर मद से कराये जाने वाले विभिन्न आवश्यक मरम्मत एवं विकास कार्यों के प्राप्त प्रस्तावों सहित नगर विकास के स्वीकृत निर्माण कार्यों पर शीघ्र कार्यवाही प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।उक्त निर्देश बुधवार को आयोजित लोक निर्माण शाखा की समीक्षा बैठक के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अधिकारियों को दिए।

बैठक में कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, उपयंत्री जायेंद्र प्रताप सिंह, अश्वनी पांडे, पवन श्रीवास्तव, संजय मिश्रा सहित कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल मौजूद रहे।

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा क्षेत्रीय उपयंत्रियों से उनके प्रभार क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शासकीय स्कूलों के निरीक्षण उपरांत कराए जाने वाले आवश्यक मरम्मत एवं विकास कार्यों की जानकारी चाही गई। जिस पर उपयंत्री अश्वनी पांडेय द्वारा 13 स्कूलों, संजय मिश्रा द्वारा 6 स्कूलों तथा जयेंद्र सिंह बघेल द्वारा 9 स्कूलों में आवश्यक फर्श, छत, टॉयलेट,पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य, सुचारू पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सीपेज आदि व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के संबंध में शालावार विस्तार से जानकारी दी गई। जिसपर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा मरम्मत कार्यों का एक्जाई प्रस्ताव तैयार करने तथा लीकेज एवं सीपेज की समस्या के निराकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से नियमानुसार वाटर प्रूफिंग के कार्य हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश मौजूद अधिकारियों को दिए।




### धीमी गति पर नाराजगी

नगर के छात्रों की सुविधा हेतु के सी एस स्कूल में संचालित भारत निर्माण कोचिंग भवन में सुविधाओं के विस्तार हेतु कराए जा रहे विकास कार्य की धीमी गति पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त की जाकर संबंधित निर्माण एजेंसी को विकास कार्य में गति लाने हेतु निर्देशित करते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की हिदायत क्षेत्रीय उपयंत्री को दी गई।

बैठक के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने छात्रों की सुगमता से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता एवं समुचित विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था हेतु निगम की विद्युत शाखा एवं जलप्रदाय शाखा की टीम को शीघ्र ही शासकीय शालाओं में भेजकर आवश्यक प्रस्ताव तैयार कराते हुए सभी जरूरी व्यवस्था पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर श्रीमति सूरी ने नागरिकों की सुविधा हेतु स्वीकृत किए गए नगर विकास कार्यों पर नियमानुसार अनुबंध एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराते हुए शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान इसे वार्ड जहां विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जा चुका है किंतु किन्हीं कारण वश वे अभी तक प्रारंभ नहीं हुए उनकी भी जानकारी चाही जाकर उक्त प्रकरणों पर 15 दिवस में कार्यवाही पूर्ण कर प्राथमिकता से विकास कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश महापौर ने अधिकारियों को दिए।

### ड्रेनेज सिस्टम रखें मजबूत

वर्षा जल के दौरान नगर के जलभराव वाले विभिन्न संभावित स्थलों में नागरिकों की सुविधा एवं सुगम आवागमन की व्यवस्था को देखते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने उक्त स्थलों में जलभराव की संभावना से निपटने के लिए नाले, पुलिया एवं डोल डालकर वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत रखने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

## बायोमास सह दहन के उपयोग से प्रदूषण होगा कम, किसानों को भी होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश के सरकारी और निजी ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा बायोमास सह-दहन की अनदेखी की जा रही है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय और मप्र नवीकरणीय ऊर्जा नीति 2025 की महत्वपूर्ण हरित पहल के विपरीत है। केंद्र की नीति के तहत 2024-25 से 5% और 2025-26 से 7% बायोमास सह-दहन अनिवार्य है, ताकि कोयले का उपयोग कम हो और नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल हो। मध्य प्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा नीति 2025, जो 2030 तक 50% ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने का लक्ष्य रखती है. भी इस दिशा में प्रोत्साहन देती है। फिर भी, केवल एनटीपीसी ने कदम उठाए हैं, जबकि सरकारी और निजी बिजली संयंत्र इन नीतियों को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं।

बायोमास सह-दहन पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकता है और कोयले की खपत कम कर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करता है। धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, नारियल छिलका जैसे कृषि अवशेषों से बने पेलेट्स की विक्री से किसानों को अतिरिक्त आय मिल सकती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

कृषि प्रधान मध्य प्रदेश इस अवसर को खो रहा है। सरकारी और निजी संयंत्रों ने इन नीतियों को लागू करने या प्रायोगिक स्तर पर आजमाने में कोई रुचि नहीं दिखाई। राज्य सरकार को तत्काल जागरूकता अभियान, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और प्रोत्साहन योजनाओं, जैसे 10 वर्ष की बिजली शुल्क छूट, के जरिए इन नीतियों को लागू करना चाहिए। बायोमास सह-दहन को अपनाकर मध्य प्रदेश पर्यावरण संरक्षण और किसानों की समृद्धि में योगदान दे सकता है।

## खबर संक्षेप

### एक अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह ।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक हल्ले उर्फ विजय पिता अर्जुन सींग लोधी निवासी ग्राम आबूखेड़ी थाना पथरिया को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 03 माह अर्थात (90 दिवस) की कालावधि के लिये निष्कासित कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चला जाये एवं अपने आचरण में सुधार करें।

### 15 लाख से अधिक की राशि स्वीकृत की

**दमोह।** दमोह में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना अंतर्गत नवनिर्मित इन्डोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में एवं हॉकी एस्ट्रोटर्फ परिसर में पृथक-पृथक ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने जाने हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने 15 लाख 18 हजार 432 की राशि स्वीकृत की है। विदित हो कि ट्रांसफार्मर के अभाव में स्पोर्ट कॉम्पलेक्स प्रारंभ नहीं हो पा रहा था, ट्रांसफार्मर स्थापित हो जाने से शीघ्र ही दमोह के खिलाड़ी नवनिर्मित स्टेडियम परिसर में अभ्यास कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी नें कलेक्टर श्री कोचर से इस संबंध में उपरोक्त कार्यों को कराये जाने का आग्रह किया था। कलेक्टर श्री कोचर नें प्रतिभावान खिलाड़ियों को सुविधा का लाभ दिलाने उक्त कार्रवाई त्वरित रूप से की है।

### अनुपस्थित प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों का कटेगा एक दिन का वेतन

**तेंदूखेड़ा।** सरकारी स्कूलों की व्यवस्था जांचने के लिए अफसर लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे ने गुरुवार को नगर में स्थित शासकीय सीएम राइज स्कूल व माडल स्कूल विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य सहित एक भी शिक्षक स्कूल में उपस्थित नहीं मिला । बीईओ नीतेश पांडे सुबह 10:15 बजे विद्यालय पहुंचे थे जब वे विद्यालय पहुंचे वहां पर पदस्थ 25 शिक्षकों में से एक भी शिक्षक मौजूद नहीं था जिसके कारण शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटे जाने की कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा कारण बताओं नोटिस दिया जा रहा है इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नीतेश पांडे ने बताया की शासन द्वारा शिक्षकों के लिए विद्यालय मैं पहुंचने का समय 10 बजे निर्धारित है निर्धारित समय पर सभी शिक्षको विद्यालय पहुंचना है क्योंकि 10:30 तक बच्चे भी आ जाते हैं बच्चों के आने से पहले शिक्षकों को वहां पहुंचना है गुरुवार को सीएम राइज व माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल का निरीक्षण किया गया 10:15 बजे प्रभारी प्राचार्य सहित एक भी शिक्षक विद्यालय मौजूद नहीं मिला जिसके कारण एक दिन का वेतन सभी शिक्षकों का काटा जा रहा है साथ ही कारण बताओं नोटिस जारी किया जा रहा है।

चंडी जी मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया गुरु महोत्सव

# कर्ता करे न कर सके, पर गुरु किए सब होये

## गुरुपर्णिमा पर नीम वाले बाबा की दरगाह में गूंजी शंख झालर की ध्वनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



भारतीय संस्कृति में गुरू ज्ञान का प्रकाश पुंज है जिसमें उसकी महिमा भी अविस्मरणीय है गुरू के सानिध्य में जीवन की दिशा एवं दशा दोनो परिवर्तित हो जाते है गुरू परमेश्वर का साक्षात स्वरूप है। कर्ता करे न कर सके, पर गुरू किए सब होये, सात द्वीप नौ खंड में, मेरे गुरू से बड़ा न कोए। चौपाई गुरुवार को तब चरितार्थ होती दिखाई पड़ी जब नगर व क्षेत्र में सभी गुरूधामों पर शिष्यों ने पहुंचकर गुरूओं की चरण वंदना की।

गुरू पूर्णिमा नगर व क्षेत्र में श्रद्धा एवं समर्पण के साथ मनी। नगर में रोचक आयोजन नगर के हजारी वार्ड में कौमी एकता की मिसाल पेश करने वाले हजरते सैयद नीम वाले बाबा साहेब की दरगाह में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देखने को मिला, जहां सैकड़ों की संख्या में हिन्दू धर्मावलंबियों ने बाबा की दरगाह पर पहुंचकर हिन्दू रीति रिवाज के तहत पूजा अर्चना कर गुरू दक्षिणा के रूप में प्रसाद चढ़ाकर बाबा का आशीर्वाद लिया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नीम वाले बाबा साहेब की दरगाह पर हर साल की तरह गुरू पूर्णिमा के अवसर पर नगर व दूरदराज के हिन्दू-मुस्लिम परिवार के लोग आस्था के साथ शामिल हुए। लोगों ने मालपुआ हलुआ का भोग दरगाह पर लगाया। बाबा के चाहने वाले बाबा को अपना गुरु मानते है, इसलिए गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बाबा की दरगाह हिंदू रीति रिवाज के साथ जलाभिषेक किया गया इसके उपरांत चादरपोशी करते हुए पगड़ी पहनाकर बाबा का आकर्षक श्रंगार कर दरगाह को आम के पत्तों के वंदनवार एवं रंगोली बनाकर सजाया गया इसके बाद भक्तों द्वारा शंख झालर की ध्वनि के साथ बाबा की आरती कर सभी ने आशीर्वाद लिया एवं अंत मालपुआ हलुआ का प्रसाद वितरण कर भंडारे का आयोजन किया गया।

### यहां चरण वंदना के लिए पहुंचे शिष्य-

नगर के गौरीशंकर मंदिर पीतांबरा पीठ मंदिर स्थित परम पूज्य श्रद्धेय स्व पंडित गया प्रसाद बाबू जी की प्रतिमा के समक्ष उनके शिष्यों ने चरण पादुका पूजन कार्यक्रम कर आशीर्वाद लिया प्रसाद भंडारा कार्यक्रम का आयोजन कुंवर मानवेन्द्र सिंह हजारी के नेतृत्व में किया गया। इसके अलावा चंडी जी मंदिर प्रांगण में पंडित वीरेंद्र शास्त्री द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां नगर सहित दूर-दूर से शिष्य चरण वंदना के लिए पहुंचे और गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया यहां पर भी विशाल भण्डारा आयोजित किया गया।

## जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं



**तेन्दूखेड़ा।** गुरुवार को नगर के जैन मंदिर में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर आयोजन किया गया जहां गुरु बारे में बताया गया जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं, यह सूत्र गुरु की उपयोगिता और जीवन में प्राथमिकता को बताता है, गुरु को शास्त्र में स्वयं ईश्वर ने भी पूजा है, और आज का मानव भटकते ही इसलिये हैं क्युकी उनके जीवन में या तो कोई सच्चे गुरु उन्हें नहीं मिले या मिले तो गुरु की आज्ञा, आदेश, निर्देश पर वो नहीं चले, यही जन्म जन्म की भटकन गुरु के ज्ञान बिना यूं ही अनंत काल तक बनी रहेगी. इस भारत भूमि का पुण्य था, और हम सब भारत में रहने वाले मानवो का पुण्य था की हम सबका जन्म आचार्य भगवान विद्यासागर जी ऋषिराज के काल में हुआ, हम सबने इस धरती पर अगर भगवान को देखा, भगवान को जाना, भगवान को माना, तो वो भगवान थे आचार्य विद्यासागर, जिनकी करुणा,ज्ञान, और तपस्या ने भारत भूमि को संतो एवं दया से भर दिया। उपरोक्त उदगार मुनिश्री प्रयोगसागर जी मुनिराज ने आज गुरु पूर्णिमा पर प्रवचन सभा में प्रदान किये, आज गुरु के लिए समर्पित दिवस प्रातःकालीन बेला में गुरु जयघोष से गूंज उठा, एक भव्य शोभायात्रा श्री शांतिनाथ मंदिर से निकाली गई जिसमें मुनिश्री के साथ हजारों का जनसमूह गुरु गुणगान में डूबा हुआ था, एक सी ड्रेस में सजे महिला मंडल और बालिका मंडल हाँथो में सुंदर सुंदर पूजन द्रव्य को सजाकर लाये थे, जिनकी छटा ने सबका मन मोह लिया, पाठशालों के बच्चे सुंदर ड्रेस में ध्वज एवं गुरु चित्र लेकर चलने से पूरा वातावरण गुरु मय हों गया। प्रवचन हाल में यात्रा पूर्ण होकर मुनिश्री के चरणों का प्रक्षालन करने का सौभाग्य जहाँ संदीप जैन पाटन वालों को मिला वहीं माँ जिनवाणी समर्पित करने का अवसर श्री भागचंद जी जैन मैनेजर जी को मिला, वहीं रवि कुमार अभिषेक मोदी जी परिवार ने गुरूजी का भव्य चित्र मंदिर को प्रदान किया उसके बाद सभी ने आशीष सिंघई श्री जी के संचालन एवं संगीत पर झूम झूम कर आचार्य श्री जी की पूजन का लाभ लिया उसके उपरांत मुनिश्री जी ने पुरे भारत के भक्तों को आशीर्वाद देते हुए मंगल प्रवचन दिए जिसने गुरु पूर्णिमा को सबके हृदय में विराजमान कर दिया। बहुत जल्द नगर में अगला कार्यक्रम कलश स्थापना का आयोजित होने जा रहा है।

## गायत्री परिजनों ने मनाया अनुशासन का पर्व गुरु पूर्णिमा



**हटा।** गायत्री शक्तिपीठ में गुरुपूर्णिमा महोत्सव में प्रथम दिवस सूर्योदय से सूर्यास्त तक गायत्री महामंत्र जप एवं द्वितीय दिवस पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से 6 पारियों में पीतवस्त्र धारी परिजनों ने यज्ञ भगवान को अपनी आहुतियां प्रदान की। प्रज्ञापुत्र डॉ सी.एल.नेमा ने गुरु तत्व की विवेचना करते हुए गुरु का ब्रह्म, विष्णु एवं महेश के रूप मे गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिजनों से गुरु को दीक्षा के समय दिए गए कार्यों को करने की बात कही। उन्होंने गुरुपूर्णिमा को गुरुसत्ता के प्रति समर्पण का दिवस बताया। मुख्य यजमान हरिनारायण चौरसिया ने यज्ञ में एमपी बाथरे का जन्म दिवस मनाया गया। पंडित मदन गोपाल दुबे एवं शैलेंद्र नायक के द्वारा गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ में ग्रामीण अंचल से आए हुए परिजनों ने गुरु दीक्षा ली।पेंशनर समाज के अध्यक्ष डॉक्टर रूप सिंह राजपूत ने बताया कि विचार प्रदूषण के समाधान के लिए 1000 गायत्री मंत्र लेखन पुस्तिकाओं को तैयार करने हेतु पेंशन समिति के 12 सदस्यों सुरेंद्र अग्रवाल रूप सिंह राजपूत, श्यामलाल नामदेव, विजय बहादुर सिंह,हरगोविंद पटेल तीरथ साहू,अरुण पटेल, चंद्रभूषण खरे, रामकृष्ण श्रीवास्तव, बलराम अहिरवार,मन्नू लाल, रामदेव, घनश्याम प्रजापति, काशीराम अहिरवार, सुरेश सोनी, अजय सोनी द्वारा अनुदान देकर राशि प्रदान कर गायत्री महामंत्र की पुस्तक बुलाई गई है यह पुस्तिकाएं निशुल्क वितरित की जावेगी उक्त पुस्तकों के निशुल्क वितरण हेतु गायत्री शक्तिपीठ परिसर में डॉ विजय सिंह राजपूत, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, रतन अग्रवाल, द्वारा तिलक एवं माला पहनाकर सभी पेंशनर्स समाज के परिजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से आए परिजनों की उपस्थिति रही।

## विधायक ने बताई गुरु की महिमा, शिक्षकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालयों में दिनांक 9 जुलाई एवं 10 जुलाई 2025 को गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम को मनाने का शासकीय आदेश दिया गया था जिसके परिपालन में एक विशेष कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह में सम्पन्न हुआ। जिसे सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान एवं आशीर्वाद याचना समारोह के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक उमादेवी खटीक ने दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्या पूजन करके किया। विधायक उमादेवी खटीक ने रामायण और महाभारत के प्रसंगों द्वारा बताया कि स्वयं भगवान के भी गुरु थे। यहाँ विधायक द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों में श्रीप्रकाश तिवारी, आर पी बडोनिया, अवध बिहारी चौबे, नारायण प्रसाद चौबे, एम एल नामदेव, बी एल तंतुवाय, केशव प्रसाद मिश्रा, अरविंद कुमार चतुर्वेदी, राम मिलन यादव जी का सम्मान विद्यालय की ओर से श्रीफल एवं शाल भेंट करके किया गया। संस्था प्राचार्य एवं स्टॉफ ने समस्त गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सभी गुरुजनों ने विद्यालय परिवार तथा विद्यार्थियों के लिए अपने आशीष वचन से अभिसिंचित किया। संस्था प्रभारी प्राचार्य अरविन्द कुमार राजोरिया ने बताया कि शासकीय आदेश के साथ साथ यह महापर्व गुरु शिष्य परंपरा को जीवंत रखने तथा विद्यालय में संस्कार एवं शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए आयोजित किया गया 1 इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने शिक्षक दुर्गा प्रसाद प्यासी के मार्गदर्शन एवं राजेश उपाध्याय तथा शिवा तंतुवाय के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में थाना प्रभारी चन्दन सिंह निरंजन, प्रधान आरक्षक केवल नारायण मिश्रा, आरक्षक श्रीराम प्रजापति सहित विद्यालयीन समस्त स्टॉफ एवं अन्य ग्रामवासियो की उपस्थिति रही।

युवाओं से सुझाव लेकर दिया गया ग्राम को आदर्श बनाने का मार्गदर्शन

## युवाओं की भागीदारी एवं सामुदायिक सहभागिता ही ग्राम को आदर्श बनाने का मूलमंत्र है : दिनेश उमरैया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दमोह अंतर्गत सेक्टर बांदकपुर के आदर्श ग्राम छापरी ठाकुर में आज प्रवास एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक श्री दिनेश उमरैया, जिला समन्वयक श्री सुशील नामदेव, विकासखंड समन्वयक दमोह श्रीमती वंदना जैन (दमोह) एवं श्री हरीश पांडेय (पटेरा) सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।ग्रामपंचायत भवन में आयोजित बैठक का शुभारंभ नवांकुर संस्था श्रीकांत नेहरू युवक मंडल के कार्यक्रम समन्वयक द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं परिचय से कराया। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवियों गिरवर सिंह एवं शिवराज सिंह ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की गतिविधियों जैसे नर्सरी, वाचनालय, संस्कार केंद्र, स्वच्छता एवं नशा मुक्ति अभियानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।संभागीय समन्वयक श्री उमरैया ने ग्रामवासियों एवं युवाओं से संवाद करते हुए आदर्श ग्राम निर्माण के लिए सुझाव आमंत्रित किए तथा युवाओं की भागीदारी को ग्राम विकास का मूल आधार बताया। उन्होंने संस्कार केंद्र की भूमिका, नर्सरी का पर्यावरणीय महत्व, ग्राम को विवादमुक्त बनाने, वरिष्ठों और युवाओं के बीच संवाद, तथा जैविक कृषि को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही नशा मुक्ति के लिए युवाओं से विशेष रूप से आग्रह करते हुए नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराया।अंत में प्रस्फुटन समिति द्वारा संधारित महत्वपूर्ण अभिलेखो एवं संधारित फ़ाइल का अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छापरी ठाकुर के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही, "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।इस अवसर पर ग्रामवासियों के साथ बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## ज्ञान की समग्रता का नाम गुरु है : श्री भगवान



**दमोह।** सनातन परंपरा की अवधारणा एक दिव्या चेतन पुंज की अलौकिक शक्ति में समाहित है जिसमें त्रिदेवों का साकार स्वरूप स्वतः विद्यमान है, जो अपनी सहजता का दिग्दर्शन कराके संसार में ज्ञान की ज्योति को जीव में स्थापित कर उसे परमात्मा का साधन बना देता है। उस सद्गुरु के लिए समर्पित एक पर्व ऐसा जो साकेत धाम में निरंतर प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। ज्ञान की समग्रता का नाम गुरु है। इसलिए हमें गुरु की शरण में जाना चाहिए। गुरु बोध का स्वरूप है जो जीवन का आधार है क्योंकि प्रकाश रूपी ज्ञान भी देता है। शिक्षक से गुरु महिमा की अवधारणा पर्यन्त समाज में एक ही नाम ज्ञान का उपदेशक जो सिद्धांत को जागृत करता है। सत्संग प्रवाह के अंतर्गत सिद्धांत से सिंहासन तक गुरु ही उत्तरदायित्व है। ऐसा उद्गार श्री श्रीभगवान-रसिक जी ने गुरुपूर्णिमा पर शिष्यों को दिया। आयोजन में शिष्य मंडल से लीनेश्वरानंद रसिक, आकाश बटुक , जितेंद्र मिश्र, दिनेश शर्मा , एवं आयोजक अध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता, कोषाध्यक्ष उमा शंकर चौरसिया, सचिव शारदा वेद प्रकाश पाठक द्वारा महामंगल सेवा समिति के सदस्यों ने देश के विभिन्न प्रांतों से आए लोगों का आभार व्यक्त किया।

## योगाभ्यास के पश्चात गुरु पूजन हवन यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न



**दमोह।** पतंजलि योग समिति ,भारत स्वाभिमान एवं महिला पतंजलि योग समिति के द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व श्री बेलाताल टापू मंदिर एवं अपना घर वृद्ध आश्रम दमोह की नियमित योग कक्षा में प्रातः काल योगाभ्यास के पश्चात गुरु पूजन हवन यज्ञ का कार्यक्रम कर मनाया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण वितरण किया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के आजीवन सदस्य डॉक्टर कार्तिक केदारनाथ शर्मा, पंडित महेश पाठक, पंडित विनोद दुबे, पंडित भारत दुबे, बृजेश सिंह राजपूत,पंडित वेणी माधव तिवारी,सेठ गुड्डू जैन ,श्रीमती प्रीति दुआ, श्रीमती खत्री बहन जी, भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी भाई रामजी सोनी, पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी भोपाल सिंह राजपूत, जिला योग समिति अध्यक्ष योगी दीपक सिंह राजपूत, अपना घर वृद्ध आश्रम का स्टाफ एवं वृद्ध जनों में श्रीमती ताराबाई, सियाबाई ,श्रीमती गीता सेन ,उषा बाई, मुन्नी अम्मा , हरि बाई पांडे की विशेष उपस्थिति रही गुरु पूर्णिमा के अवसर पर डॉक्टर केदारनाथ शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में श्रद्धेय स्वामी रामदेव जी महाराज के योग से निरोग रहने के प्रकल्प को देश के लिए अभूतपूर्व निरोग रहने का मंत्र बताया बेलाताल में प्रसाद वितरण के पश्चात वृक्षारोपण किया गया । पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के द्वारा सभी वृद्ध जनों को स्वल्पाहार कराया गया। पंडित कृष्ण कुमार परोहा निशुल्क योग प्रशिक्षक पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य ने गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर योग एवं आयुर्वेद में प्रकाश डालते हुए पतंजलि योग समिति के द्वारा शहर एवं जिले में चलाई जा रही निशुल्क योग कक्षाओं बेलाताल टापू मंदिर ,योग वाटिका सर्किट हाउस ,श्री बड़ी देवी मंदिर गायत्री माता मंदिर परिसर ,श्री खेजरा हनुमान मंदिर, शिक्षक कॉलोनी योग कक्षा, नेहरू पार्क योग कक्षा सहित तहसीलों में मुख्य रूप से संचालित पथरिया गायत्री मंदिर, श्री हनुमान मंदिर पटेरा थाना परिसर हनुमान मंदिर ,हटा श्री गायत्री मंदिर, श्री मौजानंद आश्रम तेंदूखेड़ा योग भवन तेजगढ़ सर्किट हाउस आदि में संचालित सभी निशुल्क योग कक्षाओं में आम जनों से प्रतिदिन नियमित योग्य अभ्यास कर स्वस्थ रहने का आव्हान किया।

## नगर परिषद ने बारिश से बचने कर्मचारियों को दिए रेनकोट



**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को नगर परिषद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा में साफ सफाई करने वाले कर्मचारियों व अन्य कर्मचारियों को रेनकोट दिए गए जिससे बारिश के दौरान कर्मचारियों को दिक्कतों और परेशानियों का सामना ना करना पड़े और अपना कार्य कर सके। वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष सुरेश जैन ,मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल ,नःपःउपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी नगर परिषद से प्रहलाद बाबू सफाई दरोगा प्रदीप साहू ,विजय तिवारी ,तुलसी लोधी सहित नगर परिषद कर्मचारी शामिल हुए।

## गुरु पूर्णिमा एवं सहायक संचालक सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न



**पथरिया।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया में शासन द्वारा निर्धारित दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षीय आसंदी पर जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी गुरु शिष्य परम्परा पर उद्बोधन देते हुए सेवानिवृत्त सहायक संचालक शिक्षा नन्हें सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे भारत ने शिक्षा दीक्षा के क्षेत्र में विश्व को शिक्षित किया है हमारे यहां तक्षशिला नालंदा विश्वविद्यालय थे जहां विश्व भर के छात्र शिक्षित हुआ करते पांचवीं छठवीं शताब्दी में इन विश्वविद्यालयों विध्वंसकारियों ने जब नष्ट कर दिया तो आदि शंकराचार्य ने स्वयं अपने गुरु से दीक्षित होकर भारत में ज्ञान का प्रकाश फैलाया। हमारे सनातन भारत में सनातनी हिन्दू के अलावा बौद्ध,तथा सिख धर्म में भी गुरु का स्थान सर्वोपरि है। वक्ता राजेन्द्र जी गुरु ने गुरु को कबीर के दोहों के माध्यम से सर्वोपरि बताया। महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी ने गुरु को ब्रह्म ही बतलाया। शिष्य को गुरु चयन की स्वतंत्रता पर उन्होंने ने कहा कि गुरु का चयन दाड़ी और गाड़ी देखकर नहीं करना,गुरु का विवेक देखकर करना। बुद्धि और ज्ञान जब सत्संग में मथा जाता है तब विवेक पैदा होता है। विवेक को उन्होंने शुद्ध घी बतलाया जिससे लाखों दीपक जल सकते हैं। सहजता,सरलता एवं समाजसेवा का भाव उनका उन्हें प्रदीप्त करता है उन्होंने तीन ताप बतलाए दैहिक,लौकिक, भौतिक। इन तीन तापों से व्यक्ति स्वर्ग नर्क इसी जीवन में प्राप्त करता है। उन्होंने सहायक संचालक शिक्षा की सेवानिवृत्ति पर आशीष दिया तथा अपने शब्दों से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में पथरिया क्षेत्र के शिक्षकों, प्राचार्यो ने सहायक संचालक का सम्मान किया।

## सिद्धबाबा मंदिर में धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**हिंडोरिया।** नगर में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। अनेक स्थान पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम किए गए ।लोगों ने अपने गुरु जी को श्रीफल वस्त्र आदि बैठकर उनका आशीर्वाद लिया। सिद्ध बाबा के मंदिर में अखंड रामायण पाठ भजन कीर्तन के कार्यक्रम का हवन पूजन कर भंडारा किया गया। सुबह एक सप्ताह से चल रही अखंड रामायण पाठ का पंडित अनिल मिश्रा के द्वारा हवन पूजन कर समापन किया गया । कार्यक्रम पर पंडित रमेश कुमार तिवारी ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि अज्ञान को हटाकर प्रकाश, ज्ञान की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता है गुरु की कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है गुरु का आशीर्वाद लेने से आध्यात्मिक उन्नति होती है और जीवन में सुख समृद्धि आती है। गुरु वह व्यक्ति है जो ज्ञान शिक्षा के माध्यम से शिष्यों का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध इतना प्रगाढ़ होता है की गुरु अपने शिष्य को सर्वोत्तम ज्ञान से सुसज्जित कर एक जिम्मेदार नागरिक बनता है। इसके बाद भंडारे में सबसे पहले कन्या भोज उसके बाद भक्तों द्वारा महाप्रसादी ग्रहण की गई। उक्त अवसर पर वार्ड के लोगों और नगर वासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

### झापन और लकलका के बीच पड़ने पर कुड़ी नाले पर रात में हादसा, चालक पर मामला दर्ज

## उफनाते नाले में बीच पुल पर फंसे यात्री, चालक कूदकर भागा, यात्रियों को ग्रामीणों ने निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/झलौन





तेंदूखेड़ा लगातार हो रही भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं। ऐसे में लोग जान जोखिम में डालकर उफनते नदी नालों को पार कर रहे हैं। ऐसी ही एक घटना सामने आई है जहां कुड़ी नाले की नदी के पुल पर एक बस ड्राइवर ने यात्रियों की जान की परवाह न करते हुए सवारियों से भरी बस को उफनते पुल को पार करने की कोशिश की। पानी ज्यादा होने के कारण बस बीच रास्ते में फस गई और बन्द हो गई और बहते हुए पुल के किनारे पर लटक गई। इसी बीच बस नदी के तेज बहाव में बहने ही वाली थी कि पुल के किनारे लगे छोटे छोटे सीमेंट के पिलर मे बस फस गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ नहीं तो कई लोगों की जान जा सकती थी वहीं यात्रियों को राहगीरों और गांव वालों की मदद से बाहर निकाला गया।

### बड़ा हादसा होने से टला

घटना दमोह जिले के तेजगढ़ थाना की इमलिया चौकी का है जहां पर दमोह से झलौन जा रही अमित जैन कंपनी की यात्री बस है जो कि लकलका झापन मार्ग पर अपने गंतव्य की ओर जा रही बस क्रमांक एमपी 09 एफ ए 5306 है जहां उफनाते पुल पर बस पलटते हुए बची अगर बस नदी में पलटती तो बड़ी घटना होने की संभावना थी.बता दें कि झमाझम बारिश विगत एक सप्ताह से जिले में जारी है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त के साथ यह बड़ा हादसा हो सकता था. लेकिन मौके पर मौजूद लोगों व ग्रामीणों एवं पुलिस ने जान जोखिम में डालकर बस में मौजूद 15 से 20 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया, बता दे कि झापन मार्ग पर लकलका के पास स्थित यह नदी कुड़ी नाले के नाम से जाना जाता है, जो कभी-कभी अधिक बारिश होने से सड़क के ऊपर से पानी बहता है.

जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस को लगी, तो मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी के निर्देशन में तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर इमलिया चौकी प्रभारी अक्षेंद्रनाथ के साथ पुलिस बल और तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुड़े, तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह, तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी नीतीश जैन सहित पुलिस ने पहुंचकर मौजूद स्थिति को देख कर तत्काल ही यात्रियों को निकलवाने में सहयोग किया बड़ी घटना घटित नहीं हो पाई. बता दे कि साफ-साफ तौर पर बस ड्राइवर की लापरवाही देखी गई, जिससे बड़ी घटना हो सकती थी. लेकिन पेड़ और पत्थर बीच में आ जाने से बस नहीं पलट पाई।

### दमोह से झलौन आ रही थी यात्री बस

वहीं दमोह से इमलिया सोमखेड़ा लकलका होते हुए झलौन मार्ग पर चलने वाली अमित जैन कंपनी की यात्री बस बुधवार की रात करीब 6 बजे दमोह से झलौन के लिए निकली हुई थी लेकिन लकलका और झापन के बीच पड़ने वाले कुड़ी नाले पुल पर पानी था इसलिए अन्य वाहनों के साथ बस चालक ने भी पुल से पानी उतरने का आधे घंटे तक इंतजार किया लेकिन कुछ देर बाद बस चालक ने उफनते हुए नाले से बस को निकालने का प्रयास किया और बस फंस गई। घटना के दौरान बस में डेढ़ दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे जिसके बाद अफरातफरी मच गई वहां मौजूद अन्य लोगों व निकल रहे राहगीर एवं आसपास के लोगों द्वारा मौके पर पहुंचकर बस में फंसे यात्रियों को निकलने का प्रयास शुरू किया गया साथ ही घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई यात्रियों ने बताया कि ड्राइवर ने लापरवाही दिखाते हुए बस निकालने का प्रयास किया, लेकिन पुल के आधे रास्ते में ही बस पानी में बहने लगी और पुल के किनारे जाकर बस का आगे का आधा हिस्सा फंस गया और बस पुल पर लटक गई इस दौरान यात्री घबरा गए और चीख-पुकार मच गई ग्रामीणों ने बस की खिड़कियों से यात्रियों को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला तो कुछ ने पानी में कूदकर जान बचाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि 2 लोग पानी में बह गए थे, जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया बस में सवार सभी लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया पूरे मामले में बस चालक की लापरवाही सामने आई है।

### हो सकता था बड़ा हादसा

उफनते नाले में बस फंसने के मामले में ड्राइवर की लापरवाही सामने आई है पुल के ऊपर करीब 1 से2 फीट तक ऊपर से पानी बह रहा था, इसके बाद भी ड्राइवर ने बस निकालने का प्रयास किया। यात्रियों का कहना है कि अगर बस पलट जाती तो कई लोगों की जान जा सकती थी। बारिश के मौसम में नालों के आसपास सुरक्षा के इंतजाम रखने की मांग की गई है

### ड्राइवर के साथ शासन प्रशासन की भी लापरवाही आई सामने

वहीं ग्रामीणों ने इस घटना में बस ड्राइवर और शासन प्रशासन के अधिकारियों की लापरवाही के आरोप लगाए हैं उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर दर्जनों छोटे पुल पुलिया है जिनमें ना ही रेलिंग है ना ही किसी तरह के सुरक्षा के इंतजाम जिसके कारण इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक लापरवाही करते हुए भी पुल पुलियों से पानी होने के बाद भी वाहनों को निकलते हैं कुड़ी नाले के पुल से गुजरने वाली बस के ड्राइवर ने यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ किया. इस मार्ग पर चलने वाली बसों के ड्राइवर यात्रियों के साथ इतना बड़ा जोखिम लेते हैं कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. गौरतलब है कि इस मार्ग पर बने अनेक नदी नाले रपटे पुल थोड़ी सी बारिश होने पर पुल के ऊपर से पानी बहने लगता है पर पिछले कुछ दिनों से प्रदेश सहित दमोह जिले में भारी बारिश के चलते सभी नदी नाले उफान पर है।

### बस चालक पर हो कड़ी कारवाई

यात्रियों ने बताया कि बस चालक ने सभी की जान जोखिम में डालकर ग्रामीणों को देखकर वह नदी में कूदकर भाग गया और यात्री बीच नदी में बस में ही फंसे रहे यात्रियों ने बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने अधिकारियों से अपील की है साथ ही बस की फिटनेस की जांच और बस चालक का लाइसेंस रद्द करने को कहा है साथ ही घटना के बाद बस मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

### बस चालक के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

घटना के बाद तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद ठाकुर ने बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की हो थाना प्रभारी ने बताया कि चालक ने यात्रियों की जान जोखिम में डालने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ड्रायवर पर मामला दर्ज

**दमोह।** नदी नालों पर पानी बहने के दौरान पुलिया पार करने के आरोप में सहायक उप निरीक्षक अक्षेन्द्र नाथ की सूचना अनुसार बस ड्रायवर पर धारा 281 बीएनएस 184, 134 एमव्ही एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। बस चालक द्वारा खतरनाक ढंग से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर यात्रियों की जान जोखिम में डाली जिसे उपस्थित नागरिकों ने रोकने का प्रयास किया इसके बाद भी बस निकालने के दौरान अत्याधिक बहाव के कारण बस पुलिया के वायें तरफ आधी नीचे उतर गई।

## गुरु पूर्णिमा पर बांदकपुर में उमड़ी भीड़

**बनवार।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बांदकपुर में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल दे श्री जागेश्वरनाथ धाम में शिव भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। इस दौरान भक्तों ने परंपरानुसार गुरु पूजन किया और अपने गुरुओं का आशीर्वाद लिया। बांदकपुर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भक्तों ने सुबह से ही मंदिरों में दर्शन और पूजन करना शुरू कर दिया था। शिव-पार्वती मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी भक्तों ने पूजा-अर्चना की और जल चढ़ाया। रात्रि में विशेष श्रृंगार आरती के साथ संत मौनी महाराज जी की पूजा की गई। गुरु पूर्णिमा और सावन महीने की शुरुआत को देखते हुए प्रशासन ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में एसडीएम आर एक बागरी यूपी पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा और अन्य अधिकारियों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सावन महीने में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक श्री राम कृपाल पाठक ने बताया इस बार पर्वों को समर्पित सावन महीने में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सावन सोमवार को गर्भ गृह में प्रवेश नहीं मिलेगी बाहर से ही दर्शन जल चढ़ाने की व्यवस्था की गई बाकी दिन भक्तों को गर्भ ग्रह में पहुंचकर पूजन करने को मिलेगा बांदकपुर मंदिर परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए बारिश के मौसम में मंदिर और मेला नालियों की जेसीबी से साफ-सफाई की गई ताकि जल भराव की समस्या से निजात मिल सके।



### प्रशिक्षण का कलेक्टर ने लिया जायजा

**दमोह।** किसान को किस काउंटर से खाद लेना हैं, किसान को पता होना चाहिए, एक भी किसान परेशान ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने डबल लॉक केंद्र हिरदेपुर के निरीक्षण के दौरान कृषि और सबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा किसानों को मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा की। इसी दौरान कलेक्टर श्री कोचर पी.जी कॉलेज में चल रहे बीएलओ प्रशिक्षण में पहुँचे। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स से चर्चा की। उन्होनें प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण में दी जा रही बारीकियों को अच्छे से समझने कहा।

## ट्रेक्टर की टक्कर से मासूम की मौत, पिता घायल

**जबेरा।** बाईक से जा रहे पिता पुत्र को एक ट्रेक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मासूम की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पिता को गंभीर चोंटे आने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जबेरा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बंदरकोला निवासी जाहर सींग पिता ठाकुर सींग अपने चार वर्षीय पुत्र दशरथ के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल बडेरा जा रहा था। तभी ग्राम अमदर पहुंचने पर आगे जा रहे एक ट्रैक्टर को क्रॉस करते समय ट्रैक्टर में लगे केचबिन बाइक के हैंडल में जा लगा जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इतने में ट्रैक्टर में लगा केचबिन 4 वर्षीय मासूम दशरथ के ऊपर से गुजर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही मासूम के पिता जाहर सींग को दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। जबेरा पुलिस द्वारा मर्ग कायम का मामले की जांच की जा रही है वहीं पीएम के लिए शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा भेजा गया है।

### सिद्धों की आराधना में श्री सिद्धचक्र मंडल में 1024 अर्घ्य समर्पित...

## इंद्रभूति गौतम को भगवान महावीर जैसे गुरू मिलने से शुरू हुई थी गुरू पूर्णिमा की परंपरा : पं आशीष जी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



वसुंधरा नगर श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मदिंर में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ में गुरूवार को गुरू पूर्णिमा पर्व के साथ विधान के अष्टम वलय पूजन कर मंडल पर 1024 अर्घ्य समर्पि किये गये। प्रतिष्ठाचार्य विद्वान डॉ पं आशीष जी के निर्देशन में सिद्धो की आराधना करते हुये सभी ने क्रम से मंडल पर अर्घ्य समर्पित किये। गुरू पूर्णिमा पर आचार्य गुरूदेव श्री विद्यासागर जी महाराज, नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज सहित सभी आचार्य उपाध्याय सर्वसाधुओं की वंदना करते हुये आचार्य श्री की पूजन की गई। सभी ने गुरू भक्ति के गीतों पर भक्तिभाव पूर्वक अष्ट मंगल द्रव्य समर्पित की। पं डॉ आशीष जी ने कहा कि गुरू पूर्णिमा पर्व की परंपरा भगवान महावीर के समय से चली आ रही है जिसका उल्लेख जैन शास्त्रो में आया है। भगवान महावीर के कैवल्यज्ञान के 66 दिन बाद तक उनके समोशरण में दिव्यध्वनि नहीं खिरी जिसके बाद देवों में अवधिज्ञान ने इंद्रभूति ब्राम्हण को खोजा था जिसके पास वेदों का ज्ञान था परंतु उसे बेहद अभिमान था। जब उनसे प्रश्न किया गया कि मोक्ष के 99 कारण क्या है? जीव, द्रव्य, लेश्या आदि क्या है तो वह नहीं बता पाये एवं स्वयं भगवान महावीर के पास पहुंचे। जब उन्हे उनके प्रश्नो का उत्तर मिला तो वह अपने शिष्यो के साथ भगवान महावीर के चरणो में नतमस्तक हुये उन्हे अपना गुरू स्वीकार किया। गुरू पूर्णिमा वह पावन दिन है जिसमें भगवान महावीर को अपना योग्य शिष्य व गणधर गौतम मिले तो वहीं इंद्रभूति गौतम जी को अपने गुरू भगवान महावीर स्वामी मिले इसलिये इस दिन को गुरू पूर्णिमा के रूप में मनाया जाने लगा। भगवान महावीर स्वामी के दिव्य ध्वनि खिरने व प्रथम उपदेश के दिन को ही वीर शासन जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह उपदेश जैन धर्म के शासनकाल (शुरुआत) का प्रतीक है । आज वीर शासन जयंती पर वसुंधरा नगर में श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। पं आशीष जी के निर्देशन में पूजन के पश्चात विश्वशांति महायज्ञ होगा जिसके साथ श्री सिद्धचक्र विधान का समापन होगा। आयोजन समिति ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

## सांसद श्री लोधी ने केंद्रीय मंत्री से की भेंट



**दमोह।** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने अपरान्ह केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में भेंट की। इस अवसर पर मंत्री श्री गडकरी से क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई।

## शुभ संयोगों के साथ होगी भगवान शिव की भक्ति चार सोमवार और शिववास योग का दुर्लभ मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

पूजा-पाठ और त्योहारों का महीना श्रावण आज से शुरू हो रहा है। इसका समापन 9 अगस्त को पूर्णिमा के दिन होगा। इस बार श्रावण मास में चार सोमवार पड़ेंगे, जो भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष फलदायी माने जाते हैं श्रावण में भगवान शिव को जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, आक, भस्म आदि समर्पित कर रुद्राभिषेक और पूजन करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार, श्रावण मास सभी मासों में शिवजी को सबसे प्रिय है। मान्यता है कि इसी मास में देवी पार्वती ने कठोर तप कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था। इस महीने में विशेष रूप से मंगला गौरी व्रत का भी आयोजन होता है, जो 15 जुलाई से प्रारंभ होगा। सुहागन महिलाएं इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा कर परिवार सुख, सौभाग्य और संतान की प्राप्ति की कामना करती हैं।

### इसी माह हुआ था समुद्र मंथन

पंडित गोपाल शास्त्री के अनुसार श्रावण मास के सोमवार को शिवजी का दुग्धाभिषेक अवश्य करना चाहिए इससे मानसिक शांति, चित्त की एकाग्रता और आध्यात्मिक उन्नति होती है। श्रावण मास में ही समुद्र मंथन हुआ था, जिसमें निकले विष को भगवान शिव ने अपने कंठ में समाहित कर सृष्टि की रक्षा की थी। तभी से शिवजी को नीलकंठ कहा जाता है और श्रावण मास में शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई। यह समय चातुर्मास की भी शुरुआत है, जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव संभालते हैं। इस दौरान व्रत, तप, दान, जप आदि विशेष पुण्यकारी माने जाते हैं।

### दुर्लभ आयुष्मान योग भी

पहले सोमवार पर दुर्लभ आयुष्मान योग का निर्माण हो रहा है, जो शाम 4 बजकर 14 मिनट तक रहेगा। इसके बाद सौभाग्य योग का संयोग बनेगा। इन सबके अतिरिक्त, शिववास योग भी बन रहा है, जो पूरी रात रहेगा

## नदी में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

गुरुवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धनगौर के आश्रित ग्राम बहेरिया में एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला और स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए लेकिन शाम को जाने के चलते युवक का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार गुलाब पिता कौशल यादव उम्र 30 वर्ष निवासी बहेरिया थाना तेन्दूखेड़ा है जो कि ग्राम के पास से निकले केमरी नाले में डूबने से मौत हो गई है। गांव के लोगों ने बताया कि युवक घर से खेत जा रहा था तो कुछ लोगों ने बताया खेत से घर आ रहा था। लेकिन युवक की पानी में डूबने से मौत हुई है धनगौर बीट प्रभारी एएसआई गजराज सिंह ठाकुर ने बताया कि नदी में डूबने से युवक की मौत होने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो शव नदी में पड़ा हुआ था शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए लेकिन शाम हो जाने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। आज युवक का पोस्टमार्टम होगा और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा। आगे की जांच की जाएगी की युवक की मौत किस कारण से हुई। पुलिस ने बताया कि युवक को फिट आने की बीमारी थी पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का हुआ समापन, श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली



**दमोह।** दमोह के श्री दिगंबर जैन चंद्र प्रभु चौधरी जैन मंदिर में अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा था। जिसका गुरु पूर्णिमा के दिन भव्य समापन हो गया। श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभ चौधरी जैन मंदिर के चंद्र प्रभ जैन भवन में आयोजित कार्यक्रम में भक्तों ने हर दिन भक्ति की। 3 जुलाई से 10 जुलाई तक यह कार्यक्रम लगातार आयोजित किया गया। पंडित मयंक जैन चंचल विधानाचार्य के द्वारा इस मंगल आयोजन को पूरे विधि विधान के साथ कराया गया। इस दौरान अनेक परिवार जनों को भगवान की शांतिधारा एवं महाआरती करने का अवसर प्राप्त हुआ। जहां प्रतिदिन सुबह सवेरे श्री जी का अभिषेक पूजन और विधान किया गया, वही शाम के समय भक्तों के द्वारा श्री जी की महाआरती में शामिल होकर पुण्य अर्जन किया गया। विधान के समापन अवसर पर हवन के साथ आयोजन का विधिवत समापन किया गया। वही स्वर्ण रथ पर सवार होकर श्री जी की भव्य शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से निकल गई। जिसका समापन आयोजन स्थल पर किया गया। पूरे आयोजन के दौरान सकल जैन समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Damoh
Presiding Officer :सुश्री स्नेहा सिंह
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, सक्सेशन
प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000009/2025)
मीना प्रजापति..........आवेदक Vs
पार्वती बरदिया....................अनावेदक
TID/2276/2025
Process Id- / 2025
पेशी दिनांक :-11/08/2025
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- दमोह जिला दमोह
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मीना प्रजापति पता ने मृतक घप्पूलाल प्रजापति निवासी वार्ड न. 15 बाजार मुहल्ला नरसिंहगढ़ तहसील व जिला दमोह कमचारी भविष्य निधि की 87733/- अंकन सतासी हजार सात सौ तेतीस रुपए मात्र राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 11 August 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 11 August 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
सुश्री स्नेहा सिंह
सील प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
दमोह, जिला दमोह (म.प्र)
कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## कुछ भी बन जाओ पर गुरु के उपकार को कभी मत भूलो-आचार्य विशुद्ध सागर



**पथरिया।** नगर के विरागोदय तीर्थ में विराजित आचार्य विराग सागर जी के शिष्य पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महराज के मंगल सानिध्य में गुरुपूर्णिमा का भव्य आयोजन हुआ जिसमें प्रातः काल से अभिषेक,शांतिधारा,गुरु पूजन बड़े भक्तिभाव से पूरे देश से पधारे हजारों भक्तों ने आनंद के साथ की। आज के शुभ अवसर पर पाद प्रक्षालन का सौभाग्य अरुण कोटाडिया अहमदाबाद को प्राप्त हुआ।शास्त्र भेंट भक्तों को अवसर मिला, प्रवचन में गुरुपूर्णिमा के विशेष अवसर पर पूज्य श्री ने कहा गौतम गणधर जी को प्रथम दर्शन अपने गुरु भगवान महावीर स्वामी का हुआ था इसलिए आषाढ़ मास की पूर्णिमा का दिन त्योहार बन गया। जैसे सूर्य का प्रकाश हरियाली नहीं दे सकता हरियाली सिर्फ वर्षा ऋतु के जल से ही प्राप्त होगी उसी तरह मुक्ति केवल गुरु की शरण से प्राप्त होगी। आचार्य श्री ने अपने गुरु के उपकार को याद करते हुए कहा भारत की भूमि पर धर्म का प्रचार,अहिंसा,व्यसन मुक्ति, शाकाहार का संदेश देते लाखों लोगों को धर्म की राह दिखा दी 1 लाख से अधिक किलोमीटर की पदयात्रा कर 44 चातुर्मास देश के विभिन्न राज्यों में किए सौ से अधिक पंचकल्याणक कराए 2023 में 1फरवरी से 15 फरवरी तक विरागोदय महामहोत्सव यति सम्मेलन इनके सानिध्य में हुआ जिसमें 350 से अधिक जैन साधुओं की उपस्थिति रही जो आज तक के इतिहास में सबसे बड़ा जैन आयोजन रहा। मैने भी भिंड के चैत्यालय मंदिर में प्रथम बार दर्शन किए और 17 वर्ष की आयु में गुरु का अपना सब कुछ मानकर उनको अपना हांथ सौंप दिया और आज उन्हीं का उपकार है कि जो जिनशासन की सेवा कर रहा हूं। गुरुदेव विराग सागर जी वास्तुकला के बड़े विद्वान थे उन्होंने 500 से अधिक मंदिरों, मान स्तम्भ आदि के साथ ही उन्हीं शिल्पकार ने विशुद्ध सागर को अपने हाथों से गढ़ा।आगे कहा कांटो को मत देखो गुलाब की सुगंध को देखो ये दृष्टि होनी चाहिए। गुरु पूर्णिमा का यह पर्व हमें विनम्रता और आभार का भाव सिखाता है। संकल्प लें कि हम जीवन में सीखते रहेंगे, आगे बढ़ते रहेंगे, और अपने गुरुओं के आदर्शों को कभी नहीं भूलेंगे।


## कार्यालय नगर पलिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)

क्रं./लोकनिर्माण/निविदा/2025/629 | हटा दिनांक-09/07/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है ।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि | आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_435983_1 09.07.2025 | गौरीशंकर वार्ड में सीताराम बंसल के मकान से नारायण पटैल के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1 - 02 माह 2 - 2.57 लाख | 1- 2000.00 2- 2600.00 | 17/07/2025 | तृतीय |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हटा, जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हटा, जिला दमोह